व्यवस्था है जो यातायात के वर्तमान स्तर की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानदण्डानुसार पर्याप्त है।

(3) इस स्टेशन पर यात्री यातायात के वर्तमान स्तर की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मौजूदा सुविधाएं पर्याप्त समझी गयी हैं।

(4) रेलवे सीमा में सड़कों की वर्तमान चौड़ाई पर्याप्त समझी गयी है। अपेक्षित छोटी-मोटी मरम्मतें कर दी गयी हैं।

(5) गाड़ी प्रारम्भ होने वाले स्टेशनों पर शायिकाओं की सीमित उपलब्धता और मार्गवर्ती स्टेशनों पर भारी मांग के कारण इस समय विभिन्न गाड़ियों में बीना स्टेशन के कोटे में वृद्धि करना संभव नहीं है।

भोपाल स्थित रेल डिब्बा मरम्मत कारखाना

1037. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भोपाल रेल डिब्बा कारखाने के निर्माण के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी और उसमें से अब तक निर्माण कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ;

(ख) इस कारखाने के निर्माण के लिए जिन भू-स्वामियों की जमीन अधिगृहीत की गयी थी, उन्हें दिये गये मुआवजे का ब्यौरा क्या है और उन लोगों की संख्या और उनके नाम क्या हैं जिन्हें अभी मुआवजा दिया जाना शेष है; और

(ग) क्या रेल डिब्बा मरम्मत कारखाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और यदि नहीं, तो इसके कब तक शुरू हो जाने की सम्भावना है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) भोपाल में के नये सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाने ए ी स्थापना के लिए वर्ष 1984-85 तक के अंतिम अनुदान और वर्ष 1985-86 में बजट अनुदान के आधार पर 204.79 लाख रुपये की राशि आवंटित की गयी है। जनवरी, 1986 तक इस कार्य पर लगभग 167.65 लाख रुपये खर्च हुए थे।

(ख) भूमि अधिग्रहण के लिए व्यक्तिगत भूमि मालिकों को प्रतिपूर्ति का भुगतान सीधे रेलों द्वारा नहीं किया जाता है। भूमि अधिग्रहण के लिए मध्य रेल प्रशासन द्वारा 60 लाख रुपये की अग्रिम राशि भूमि अधिग्रहण अधिकारी भोपाल के पास जमा करायी जा चुकी है। भूमि अधिग्रहण अधिकारी, भोपाल द्वारा अभी तक प्रतिपूर्ति एवार्ड की घोषणा नहीं की गई है।

(ग) कारखाने की स्थापना से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आरम्भ हो चुकी है।

गंज बासौदा रेलवे स्टेशन पर दक्षिण एक्सप्रेस का हाल्ट

1038. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जी०टी० एक्सप्रेस गंज बासौदा रेलवे स्टेशन पर रुका करती थी,

(ख) यदि हां, तो इस स्टापेज को कब बन्द कर दिया गया और इसके क्या कारण थे ;

(ग) क्या उक्त रेलवे स्टेशन पर "दक्षिण एक्सप्रेस" के रोके जाने के लिए कोई मांग की गयी है ; और

(घ) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) एक दशक के उपलब्ध रिकार्डों से यह पता चलता है कि इस स्टेशन पर यह गाड़ी नहीं ठहरती थी।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।